Special Police Establishment by not including all the sections of the IPC and other Acts which were included in its earlier consent.

Busting of a drug racket in Delhi

2734. SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether an international drug racket was busted with the seizure of two KG heroin worth Rs. 2 lakhs in New Delhi on the 22nd July, 1984;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) what action Goverment have taken in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI P. VENKATASUBBAIAH): (a) to (c) In 3 cases registered on the 21st July, 1984, under Section 8 of the Dangerous Drugs Act, 9 Afghan nationals have been arrested and 1.802 Kgs. of heroin recovered from them.

दिल्ली में इलैक्ट्रानिक के नकली सामान का उत्पादन

2735. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या 5 जून, 1984 को कुछ संसद सदस्यों ने पत्र लिखकर सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया है कि दिल्ली में बड़े पैमाने पर नकली इलेक्ट्रानिक सामान बनाया जा रहा है और उसे तस्करी के सामान के रूप में बेचा जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

इलैक्ट्रानिकी विभाग में तथा खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री एम० एस० संजीवी राव) : (क) उपलब्ध जानकारी के अनुसार ऐसा कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

लोगों को विदेश भेजने के लिए प्राइवेट कम्पनियों द्वारा वीजा दिया जाना

2736. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ प्राइवेट कम्पनियां वीजा देकर लोगों को विदेश भेज रही हैं ;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान इस प्रकार से किन-किन कम्पनियों ने कितने-कितने लोगों को किस-किस देश में भेजा ;

(ग) क्या इस सम्बन्ध में यह पता लगाने के लिए कि कोई जांच की गई है कि क्या इन कम्पनियों द्वारा नियमों का पालन किया जा रहा है ; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० ए० रहीम) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और वह सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

विदेशों में ठेके के कार्य में लगी प्राइवेट कम्पनियां

2737. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ प्राइवेट कम्पनियाँ विदेशों में ठेके के कार्य में लगी हुई हैं ; यदि हां, तो उन कम्पनियों के नाम और पते क्या हैं तथा उनमें से कितनी दिल्ली की है ; और